मेरा प्यार मोहन | by Gaurav Gauri Das

तू है मेरा प्यार मोहन मैं हूँ तेरे दीवाना
तुझको है मेरी कसम छोड़ के मत जाना
तू है मेरा प्यार मोहन मैं हूँ तेरे दीवाना

तेरे प्यार का नज़राना दिल में बसा लिया है
देखा जो मोहन अपना बना लिया है
करना कबूल मेरे दिल का ये नज़राना
तू है मेरा प्यार मोहन मैं हूँ तेरे दीवाना

तेरा चाँद सा ये चेहरा मेरे ख्वाब से हंसी है
है जबसे तुमको देखा मुझे होश नहीं है
शमा जहाँ रोशन हो जलता है परवाना
तू है मेरा प्यार मोहन मैं हूँ तेरे दीवाना

मेरी जान अपने दिल से मेरा दिल जुदा ना करना
बदले वफ़ा जो तूने इसे तुम गवाह ना करना
आँखें तेरी दीवानी मेरी आँखों को ना तरसाना
तू है मेरा प्यार मोहन मैं हूँ तेरे दीवाना

जो वृन्दावन में जाए पागल कहे ज़माना
जब चौखट तेरी आऊं पर्दा नहीं गिराना
माना तेरी सूरत को मैंने तो खुदा माना
तू है मेरा प्यार मोहन मैं हूँ तेरे दीवाना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b9%e0%a4%a8-by-gaurav-gauri-das/